तो किराये पर मकान लेते हैं या स्पोर्ट्स होस्टल में उन्हें जगह मिलती है। यहाँ कभी-कभी उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है और इससे सबसे ज्यादा महिलाओं को असुविधा होती है। मैं सरकार से यह माँग करता हूँ कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अफोर्डेबल हाउसिंग को बढ़ावा दिया गया है, उसी प्रकार से खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु एक आवास योजना शुरू की जाए, जिससे हर जिले में हमारे एथलीट्स को आवास की सुविधा मिले और वे बेहतर तरीके से परीक्षण प्राप्त करके, देश का नाम रोशन करें। आवास परियोजनाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा दे सकती हैं। 2014 से सरकार देश के खिलाड़ियों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है और यह उसी दिशा का एक महत्वपूर्ण कदम होगा, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Membe, Shri Sanjay Seth: Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Dr. John Brittas (Kerala) and Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra).

**Concern over dip in India's childhood immunisation numbers**

**श्री प्रमोद तिवारी** (राजस्थान) : महोदय, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ ने अपनी वैश्विक टीकाकरण रिपोर्ट में कहा है कि भारत का बाल टीकाकरण स्तर अभी भी महामारी पूर्व चरण तक नहीं पहुंचा है, क्योंकि राष्ट्रीय कार्यक्रम में 2023 में 16 लाख बच्चों को डीपीटी और खसरे की खुराक नहीं दी गई है। यह एक गंभीर मामला है। 2023 में 1.6 मिलियन शून्य खुराक वाले बच्चे 2022 की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक हैं। संयुक्त राष्ट्र की दो एजेन्सियों ने यह भी चिंता व्यक्त की है कि भारत उन 52 देशों में एक है, जहां सर्वाइकल कैंसर होने के बावजूद टीकाकरण पैकेज में एचपीवी टीकाकरण को शामिल नहीं किया गया है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। महिलाओं में होने वाला लगभग 18 प्रतिशत कैंसर सर्वाइकल कैंसर के कारण है। मान्यवर, शून्य खुराक वाले बच्चों के मामले में यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है। शून्य खुराक वाले बच्चों के मामले में भारत नाइजीरिया, कांगो, इथोपिया, सूडान और पाकिस्तान सहित दुनिया के सबसे 10 खराब देशों में एक है। एक तरफ 2012 में एक दिन 19 फरवरी में यूपीए 2 की सरकार में 17 करोड़ से ज्यादा बच्चों का जब पोलिया टीकाकरण हुआ था, तो दुनिया ने सराहा था। आज हम 10 सबसे खराब देशों में आ गए हैं। टीके के मामले में भी हमें चयन करना पड़ेगा। जब कोविड हुआ था, तो उस समय श्री राहुल गांधी या विपक्ष के बहुत से नेताओं ने यह सलाह दी थी कि एस्ट्राजेनेका की जो कोविशील्ड है, वह अभी टैस्टेड नहीं है, उसको न लगवाया जाए, लेकिन लंदन में कोर्ट में कंपनी ने यह स्वीकार किया है कि इससे सडन डेथ के मामले रिपोर्ट हो रहे हैं। जहां इन्हें एक तरफ इस बात का ध्यान रखना है, यह अलग बात है कि पूनावाला ने 52 करोड़ रुपये इनके इलेक्टोरल...

**श्री उपसभापति**: सब्जेक्ट childhood immunization है।

**श्री प्रमोद तिवारी** : महोदय, मैं चाइल्डहुड की ही तो बात कर रहा हूं, अभी जवानी में कहां आया हूं, मैं वहीं चल रहा हूं।

**श्री उपसभापतिः** जी, बोलिए।

**श्री प्रमोद तिवारीः** मैं बच्चों के टीके के बारे में ही बात कर रहा हूं। टीका तो लगा दिया और 52 करोड़ रुपये इलेक्टोरल बॉन्ड में चंदा दे दिया और इन्होंने हिंदुस्तान में ऐसा टीका लगवा दिया कि सडन डेथ्स रिपोर्ट हो रही हैं।

महोदय, मैं आपसे और आगे कहना चाहता हूं कि पहले तो चेचक, पोलियो, हैजा, डिप्थीरिया, टिटनेस, हेपेटाइटिस में हमने रिकॉर्ड बनाया है, उन्मूलन किया है, लेकिन यह सरकार बहुत लापरवाही बरत रही है ...(**समय की घंटी**)...

**श्री उपसभापतिः** धन्यवाद, माननीय प्रमोद तिवारी जी। The following hon. Members associated themselves with the Zero Hour matter raised by the hon. Member, Shri Pramod Tiwari: Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri Jose K. Mani (Kerala), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Shri P.P. Suneer (Kerala), Shri Saket Gokhale (West Bengal), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), and Shri P. Wilson (Tamil Nadu).

माननीय श्री देबाशीष सामंतराय।

### Demand to allocate houses under PMAY scheme to the State of Odisha

SHRI DEBASHISH SAMANTARAY (Odisha): Mr. Deputy Chairman, Sir, there has been repeated demands from Odisha for providing fifteen lakh PMAY houses for the States. Three years back, the then Chief Minister, Shri Naveen Patnaik had urged the hon. Prime Minister to sanction 1.84 lakh houses for the families hit by the Cyclone Fani under the Pradhan Mantri Awas Yojana Gramin and thirteen lakh houses for the non-Fani affected tribal districts and backward KBK Region. He had also thanked the hon. Prime Minister for sanctioning 8.17 lakh PMAYG houses to Odisha while drawing his attention to the woes of many families of Kalahandi-Bolangir-Koraput Region and tribal dominated districts of the State and to many families which had lost their houses in Cyclone Fani in